**फा.स.-18/05/2019-गोप.-1/2**

**कर्मचारी चयन आयोग**

**......................**

**जनसाधारण/अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

**विषयः सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) / कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) की भर्ती के संबंध में।**

यह उल्लिखित है कि आयोग को सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) / कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) इत्यादि के पदों हेतु भर्ती के लिए बड़ी संख्या में पोस्टल ऑर्डर सहित भरे हुए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी (मुद्रित रूप में) प्राप्त हो रही है।

**जनसाधारण/अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग ने उपरोक्त उल्लिखित पदों की भर्ती के लिए कोई विज्ञप्ति/विज्ञापन आमंत्रित/अपलोड नहीं किया है।** यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग अपनी वेबसाइट अर्थात https://ssc.nic.in पर ही विभिन्न पदों/भर्ती की विज्ञप्ति अपलोड करता है तथा केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं। आयोग द्वारा मुद्रित आवेदन पत्र/हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाती है।

अतः इस संबंध में जनसाधारण/अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी के बहकावे में न आएं तथा आयोग / उसके क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट से किसी भी विज्ञापन का सत्यापन करके ही आवेदन करें।

अवर सचिव (गोप.-1/2)

दिनांक- 05-09-2019